राजौरी क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना द्वारा गोलीबारी

670. डा० लक्ष्मी नारायण पांडेय :
श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या पाकिस्तान सेना ने गत 30 सितम्बर तथा 1 अक्तूबर को राजौरी क्षेत्र के निकट भयंकर गोलीबारी की और घुसपैठ करने का प्रयत्न किया

(ख) यदि हां तो क्या पाकिस्तान की यह कार्यवाही स्पष्ट रूप से समझौते का उल्लंघन नहीं है और

(ग) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) (क) और (ख) जी हां, श्रीमान् । बाद में फ्लैग मीटिंग में पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने स्वीकार किया कि उनके सैनिक नियंत्रण रेखा की दूसरी ओर थे और उन्हों ने इस घटना पर खेद व्यक्त किया ।

(ग) इन उल्लंघनों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए हमारी सुरक्षा सेनाओं को अनुदेश प्राप्त हैं ।

गोवा में पाये गये बाक्साइट और मैंगनीज के भण्डार

671. डा० लक्ष्मी नारायण पाण्डेय : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या गोआ में बाक्साइट और मैंगनीज के विशाल भण्डार पाये गये हैं और यदि हां तो किन-किन स्थानों पर ये भण्डार पाये गये हैं, और

(ख) इन भण्डारों में उक्त धातुओं की मात्रा और किस्म का ब्यौरा क्या है ?

इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शाहनवाज खां) (क) और (ख): गोवा में मैसर्स गोमान्तिया के निजी पट्टा-धृतियों में, जहां कम्पनी द्वारा और अधिक समन्वेषण किया जा रहा है, इस समय तक 50 प्रतिशत से अधिक ऐलूमिनाश वाली बाक्साइट की कुल 60 लाख टन उपदर्शित उपलभ्य राशियां अनुमानित की गई है । भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा मोपा, पेरेनेम, योगिन और अन्य लघु प्राप्ति स्थल अन्वेषित किये जा रहे हैं ।

गोवा के निम्नलिखित क्षेत्रों में मैंगनीज अयस्क की लगभग 12.30 लाख टन उपदर्शित उपलभ्य राशियां अनुमानित की गई हैं :—